निगम मुख्यालय सहित, भिलाई के सभी वार्ड क्षेत्रों में मनाया गया छत्तीसगढ़ गौरव दिवस, उपस्थित सभी को 4 वर्ष की उपलब्धियों को गिनाते हुए, शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित सभी वार्ड क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। आज 17 दिसंबर शनिवार को छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण हो गए है। इसको देखते हुए भिलाई में गौरव दिवस मनाया गया। सभी वार्ड क्षेत्रों में गौरव दिवस का आयोजन किया गया , जिसमें जनप्रतिनिधि, एमआईसी मेंबर, पार्षद एवं वार्ड क्षेत्र के निवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा राज्य की जनता के नाम संदेश दिया गया जिसके प्रसारण की व्यवस्था सभी वार्डों में की गई थी, इसके साथ ही निगम के मुख्य कार्यालय में भी इसकी व्यवस्था की गई थी। निगम मुख्य कार्यालय में निगमायुक्त रोहित व्यास , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , प्रभारी भवन अनुज्ञा अधिकारी तपन अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे तथा नागरिक गण मौजूद रहे। गौरव दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के 4 वर्ष पूरे हो चुके हैं, सरकार ने इस 4 वर्ष में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए, हर क्षेत्र के विकास करने के साथ ही लोगो की अपेक्षाओं एवं आशाओं के मुताबिक सभी कार्य किए हैं। इसको लेकर आज गौरव दिवस पूरे राज्य में मनाया जा रहा है , क्योंकि सरकार के कामकाज को लेकर छत्तीसगढ़ की जनता में एक अभूतपूर्व उत्साह है। भिलाई निगम के सभी वार्ड क्षेत्रों में जहां कार्यक्रम आयोजित थे वहां पर शासकीय योजनाओं के बैनर, पोस्टर, संदेश प्रसारण की व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा उपाय आदि व्यवस्था की गई थी। शहरी गौठान में भी गौरव दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया , जिसमें गौठान समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण , पशुपालक, जनप्रतिनिधि, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य तथा स्थानीय रहवासी मौजूद रहे। गौठान में सभापति गिरवर बंटी साहू तथा मुकेश चंद्राकर ने भी शिरकत की। इस दौरान उपस्थित सभी को शासन की 4 वर्षों की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी दी गई।